>

Title:Need to open an Indian Institute of Technology in Jodhpur, Rajasthan and accord a Central University status to Jai Narayan Vyas University, Jodhpur.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर) : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र जोधपुर में आई.आई.टी एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय को खोलने की मांग मैं काफी लंबे समय से कर रहा हूं। जोधपुर पश्चिमी राजस्थान का सिरमौर है एवं आजादी के समय से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। जोधपुर में जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में सभी संकाय हैं। पश्चिमी राजस्थान में गरीब, दलित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग ज्यादा रहते हैं जो शिक्षा के लिए बाहर जाने में असमर्थ हैं। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय वे सभी योग्यताएं रखता है जो आई.आई.टी एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लिए आवश्यक है। कृपया यहां जनहित में आई.आई.टी एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने का आदेश देकर अनुग्रहीत करें।